युवाओं के लिए सुनहरा मौका, 5249 पदों पर होने वाली भर्ती, तैयार रहें

युवाओं के लिए सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा मौका। 5249 पदों पर भर्ती होने जा रही है। इच्छुक युवक-युवतियां तैयार रहें। पंजाब पुलिस के ब्यूरो ऑफ इनवेस्टीगेशन में नया काडर बनेगा। सरकार ने काडर स्थापित करने के लिए 5249 पदों की रचना करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। साथ ही विभिन्न श्रेणियों अधीन पुलिस कर्मचारियों की भर्ती के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए सरकार ने गृह विभाग को निर्देश दिए हैं।

सरकार ने सूचना तकनीक संचार विंग में एएसआई के 75 और ऑपरेटरों के 12 पद खत्म करके डीएसपी के 8 नए पद और इंस्पेक्टर ऑपरेटर के 67 पद बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसी प्रकार ही मंत्रिमंडल ने पंजाब आर्म्ड पुलिस में सिपाही के 1086 पद खत्म करके एएसआई के 730 और इंस्पेक्टर के 100 पदों की रचना करने को भी हरी झंडी दे दी है। इन फैसलों से सरकारी खजाने पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा।